हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 26 जनवरी 2026
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

18 बागबाहरा में देवांगन समाज ने मनाया मां परमेश्वरी...



18 अभाविप बागबाहरा इकाई ने निकाली...



# जिले में आन-बान और शान के साथ आज लहराएगा तिरंगा झंडा

## मिनी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस का रहेगा उल्लास, सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आज पूरे जिले में गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के इस गौरवशाली अवसर पर जिले के मुख्य कार्यक्रम स्थल, मिनी स्टेडियम, में तिरंगा पूरी आन-बान और शान के साथ लहराएगा। जिला प्रशासन द्वारा महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह की मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी निर्धारित समय पर ध्वजारोहण करेंगी, जिसके बाद राष्ट्रगान की गूंज के साथ तिरंगे को सलामी दी जाएगी। परेड में पुलिस बल, एनसीसी कैडेट्स की टुकड़ियां अपने कदमताल से दर्शकों में जोश भरेंगी।

### बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा आकर्षण का केंद्र

इस वर्ष के समारोह में बच्चों की भागीदारी मुख्य आकर्षण होगी। रिहर्सल के दौरान 16 अलग-अलग स्कूलों के लगभग 1000 छात्रों ने एरोबिक्स, जुंबा और पीटी का शानदार प्रदर्शन इस समारोह का अकर्षण का केंद्र बनने वाला हैं। इसके साथ ही, 6 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय भावना और छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित गीतों पर अपनी प्रस्तुति देंगें। समारोह में केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी दिया जाएगा।



### विभिन्न विभागों की जीवंत झांकियां

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने वाली 13 विभागों की भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। इनमें मुख्य रूप से शामिल विभाग हैं, वन, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास एवं उद्यानिकी, कृषि, पशुपालन और मछली पालन, आदिवासी विकास, पीएचई, क्रेडा और खाद्य विभाग।

सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं ताकि उत्सव में कोई खलल न पड़े।

ध्वजारोहण के पश्चात विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। छत्तीसगढ़ी लोक कला और शासन की जनहितकारी योजनाओं को दर्शाती भव्य झांकियां भी प्रर्दशन होगा। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों, कोरोना योद्धाओं और मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा।

केवल जिला मुख्यालय ही नहीं, बल्कि ब्लॉक स्तर और ग्राम पंचायतों में भी प्रभात फेरी निकाली जा रही है और सरकारी भवनों को दूधिया रोशनी से सजाया गया है।

## खबर संक्षेप

### तुमगांव के सहकारी बैंक में चोरी

**महासमुंद।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के तुमगांव शाखा में चोरी के मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा तुमगांव में 23 जनवरी की रात अज्ञात चोरों द्वारा मुख्य द्वार के शटर का ताला तोड़कर छोटी तिजोरी, प्रिंटर मशीन कीमत करीब 10 हजार की चोरी कर ली। इसके अलावा शाखा के सभी आलमारियों का ताला तोड़कर क्षतिग्रस्त कर महत्वपूर्ण रिकार्ड वाउचर्स, कैश कक्ष एवं शाखा प्रबंधक कक्ष में घुसकर सामान अस्त व्यस्त कर दिया गया है । वहीं शाखा की बड़ी तिजोरी को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 305(ई), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।



### मितानिन और उसके बेटे से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम जोबा में निकली शोभायात्रा के दौरान एक युवक और उसकी मां के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को मितानिन तारिणी घृतलहरे पति रविदास घृतलहरे ग्राम जोबा ने बताया कि गांव में 22 जनवरी को राम मंदिर निर्माण की शोभायात्रा निकाली गई थी। रात्रि करीबन 11.30 बजे उसका छोटा लड़का तरूण दास घृतलहरे (12 साल) भी शोभायात्रा देखने गया था। तभी पता चला कि उसके बेटे के साथ लक्ष्मीनारायण ठाकुर, चिंटू ठाकुर और धनेश्वर ध्रुव के द्वारा मारपीट कर रहे थे, जिसे छुड़ाने वह गई तब उसके साथ भी आरोपी मापीट करने लगे और मोबाइल को पटक कर तोड़ दिया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 324(2), 3(5) बीएनएस के तहत दुर्म दर्ज किया गया है।

### 20 लीटर महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** खेत में शराब बेच रहे एक व्यक्ति पर पिथौरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 25 जनवरी को मुखबीर से सूचना मिली कि घनश्याम सांडे पिता बिंदुमणी सांडे राजासेवैयाखुर्द अपने टिकराखार खेत में महुआ शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की और तलाशी के दौरान हाथ भट्ठी महुआ शराब करीबन 20 लीटर कीमत 4000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## विडंबना : सार्वजनिक स्थान शराबियों के सुरक्षित ठिकाने बन गए

# सड़क और मैदान बन रहे शराबियों के लिए आहाता, लोगों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में इन दिनों सार्वजनिक स्थान शराबियों के सुरक्षित ठिकाने बन गए हैं। शहर के चौक-चौराहों से लेकर ग्रामीण अंचलों की सड़कों तक, खुलेआम मदिरापान का नजारा अब आम हो चुका है। कानून को ठेंगे पर रखकर शराब पीने वाले इन तत्वों के कारण आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों का राह चलना दूभर हो गया है।



जिला मुख्यालय सहित बागबाहरा, सरायपाली, बसना और पिथौरा जैसे नगरीय क्षेत्रों में शाम ढलते ही नजारा बदलने लगता है। सार्वजनिक मैदान, निर्माणाधीन सरकारी भवन और सुनसान सड़कों के किनारे शराबियों का जमावड़ा लगता है। हैरान करने वाली बात यह है कि मुख्य मार्गों पर स्थित दुकानों और अंधेरे कोनों में खुलेआम शराबखोरी की जा रही है। सड़कों के किनारे कांच की बोतलें और डिस्पोजल गिलास दिखाई देते हैं। आबकारी अधिनियम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना एक दंडनीय अपराध है। इसके बावजूद, जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शराबियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें न तो पुलिस का डर है और न ही आबकारी विभाग का। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस की गश्त केवल मुख्य सड़कों तक सीमित रहती है, जबकि गली-मोहल्लों और मैदानों में शराबखोरी खुलेआम चल रह है। प्रशासन की इस निष्क्रियता ने असामाजिक तत्वों को और भी शह दे दी है।

### बहू-बेटियों का निकलना हुआ मुश्किल

इस अव्यवस्था का सबसे बुरा असर सामाजिक परिवेश पर पड़ रहा है। शाम के समय ट्यूशन से लौटने वाली छात्राओं और बाजार जाने वाली महिलाओं को इन शराबियों की अभद्र टिप्पणियों और अश्लील हरकतों का सामना करना पड़ता है। नशे में धुत ये लोग आए दिन राहगीरों से उलझते हैं, जिससे विवाद और दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है। एक राहगीर महिला कुंती बाई ने बताया है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीना न केवल अपराध है, बल्कि यह हमारे सामाजिक ताने-बाने को भी नष्ट कर रहा है। प्रशासन को इस पर तत्काल कड़े कदम उठाने चाहिए।

## धान खरीदी में बड़ी गड़बड़ी, बाघामुड़ा समिति प्रभारी पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित बाघामुड़ा में धान उपार्जन के दौरान गंभीर वित्तीय अनियमितता उजागर हुई है। ऑनलाइन रिकॉर्ड और मौके पर मौजूद धान के स्टॉक में भारी अंतर पाए जाने के बाद, कलेक्टर विनय लंगेह के आदेश पर समिति प्रभारी प्रेमसिंह ध्रुव के विरुद्ध कोमाखान थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्रशासन को बाघामुड़ा केंद्र में गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद अधिकारियों की एक टीम ने केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। जांच के दौरान जब ऑनलाइन पोर्टल के आंकड़ों का मिलान जमीन पर मौजूद धान से किया गया, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। रिकॉर्ड के अनुसार केंद्र में 1,25,878 कट्टा धान होना चाहिए था लेकिन मौके पर गिनती करने पर केवल 1,22,574 कट्टा धान ही पाया गया। जांच में 3,304 कट्टा (लगभग 1321.6 क्विंटल) धान कम मिला। डिप्टी कलेक्टर के नेतृत्व में हुई इस जांच में पंचनामा



तैयार किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, लापता धान की कीमत समर्थन मूल्य के हिसाब से 40,96,960 रुपये आंकी गई है। अधिकारियों का मानना है कि समिति प्रभारी प्रेमसिंह ध्रुव और उनके सहयोगियों ने मिलीभगत कर जानबूझकर शासन को यह आर्थिक क्षति पहुंचाई है।

### 74 स्टेकों की हुई गिनती

जांच दल ने प्रभारी की उपस्थिति में धान के फड़ पर रखे एक-एक स्टेक की बारीकी से गिनती की। पूरे केंद्र में कुल 74 स्टेक पाए गए, जिनमें कट्टों की संख्या रिकॉर्ड से काफी कम निकली। स्टॉक में इस बड़े अंतर का कोई ठोस कारण समिति प्रभारी द्वारा नहीं बताया गया।

## वाहनों की चेकिंग कर रहे आरक्षक पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तुमगांव तिराहा में वाहनों की चेकिंग के दौरान एक कार चालक ने आरक्षक पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। घटना को लेकर आरक्षक घनश्याम निराला ने तुमगांव थाने में रिपोर्ट लिखाई है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक घनश्याम निराला 25 जनवरी की रात 12 से 5 बजे तक ड्यूटी में था, इसी बीच रात्रि करीबन 2.45 बजे कंट्रोल रूम महासमुंद से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की किआ कैरेंस कार क्र एमएच 46 सीबी 2841 में दो व्यक्ति गांजा परिवहन कर ओडिशा से रायपुर की ओर जा रही है, जो सिंघोड़ा बार्डर बैरियर और ढांक टोल प्लाजा में नहीं रूका, साथ ही नाका को क्षतिग्रस्त करके भाग रहा है। इस सूचना के बाद प्रार्थी अपने साथी आरक्षक परमेश्वर ध्रुव के साथ तुमगांव एनएच 53 तुमगांव तिराहा के पास गया, जहां ओडिशा, सरायपाली की ओर से आ रही गाड़ियों की चेकिंग की जा रही थी। तभी प्रधान आरक्षक आबिद खान भी वहां पहुंचे। करीबन 03.00 बजे एक सफेद रंग की किआ कैरेंस कार तेज गति से आती दिखी, जिसे हाथ दिखाकर रोकने पर चालक द्वारा अपने वाहन को तेज गति से चलाते हुए प्रार्थी के ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करने लगा, जब वह बचने के लिए किनारे होने लगा तो उक्त चालक के द्वारा गाड़ी में दबाने का प्रयास करने लगा, जिससे उसका बांया हाथ फ्रैक्चर हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा109(1), 121(2), 221, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## सृष्टि ध्रुव कांग्रेस से 6 वर्ष के लिए निष्कासित

**महासमुंद।** विगत दिनों मनरेगा संग्राम कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थिति में पार्टी के ही एक पदाधिकारी के साथ अमर्यादित भाषा एवं दुर्व्यवहार किए जाने के आरोप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पटेवा-झलप-सिरपुर के अ ध्य क्ष खिलावन साहू द्वारा पार्टी कार्यकर्ता के विरुध्द सर्वसम्मत कार्रवाई करते हुए सृष्टि ध्रुव को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। इसकी सूचना कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव को देते हुए मोहित ध्रुव के विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए प्रकरण डीसीसी को प्रेषित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू ने दी है।



## सितली नाला स्वच्छता के लिए निरंतर अभियान

### महासमुंद के राइस मिलर्स ने जताई पूर्ण प्रतिबद्धता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर की प्रमुख जलधारा सितली नाला के संरक्षण, स्वच्छता एवं पुनर्जीवन के उद्देश्य से स्वर्गीय अशोक चौरड़िया की स्मृति में समर्पित अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान निरंतर रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार, 25 जनवरी 2026 को प्रातः 7:30 से 8:30 बजे तक सितली नाला में प्रतीकात्मक श्रमदान किया गया।

यह स्पष्ट किया गया कि यह कोई एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रतिदिन चलने वाला सामाजिक अभियान है, जिसका उद्देश्य सितली नाला को स्वच्छ, अविरल एवं महासमुंद की पहचान के अनुरूप विकसित करना है। इस अवसर पर केवल महासमुंद के राइस मिलर्स उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतीकात्मक श्रमदान के माध्यम से अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के आयोजक स्वाध्याय केंद्र समिति रहे। इस अवसर पर महासमुंद राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पारस चोपड़ा ने कहा कि महासमुंद के राइस मिलर्स इस अभियान से केवल उपस्थिति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे इसे तन–मन–धन से आगे बढ़ाने के लिए पूर्णतः संकल्पित हैं। यह अभियान स्व. अशोक चौरड़िया के विचारों और समाजसेवा की भावना को निरंतर जीवित रखेगा।



कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, समिति के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र राठौड़, वरिष्ठ नागरिक माली, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शर्मा सहित समाज के अनेक सम्मानितजन उपस्थित रहे। साथ ही श्रमदान में महासमुंद राइस मिलर्स एसोसिएशन के सदस्य इंदर मित्तल, सुरेश जिंदल, तिलोक सांखला, बॉबी जिंदल, शैलेंद्र चोपड़ा, प्रतीक चौरड़िया, मुकेश चौरड़िया, हर्ष चंद्राकर, धीरज लूनिया, लोकेश चंद्राकर, सुमित अग्रवाल, श्रेयांश कोटडिया, आशीष मित्तल, मनन पींचा, आदित्य चोपड़ा एवं अन्य राइस मिलर्स की उपस्थिति रही। अभियान को दिशा देने में डॉ. विमल चोपड़ा का मार्गदर्शन एवं सहयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा, जिनके प्रति आयोजकों द्वारा विशेष आभार व्यक्त किया गया। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने यह संकल्प दोहराया कि अविरल सितली-निर्मल सितली को निरंतर, नियमित एवं परिणामकारी सामाजिक अभियान के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि महासमुंद को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण-संतुलित नगर बनाया जा सके।


## तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव 1 से, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

# हंसराज, हेमंत और मीत ब्रदर्स होंगे आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव में छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति, शास्त्रीय कला और आधुनिक संगीत का भव्य संगम प्रदर्शित होगा। ऐतिहासिक और पुरातत्व नगरी सिरपुर में सिरपुर महोत्सव 2026 का भव्य और गरिमापूर्ण आयोजन 1 से 3 फरवरी तक जिला प्रशासन और सिरपुर विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में किया जा रहा है।

महोत्सव के पहले दिन 1 फरवरी को दोपहर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। लोक नृत्य, कथक, ओडिसी, पंथी, मंचीय प्रस्तुतियों के साथ संध्या सत्र में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होंगे। रात्रि मं प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक मेरा भोला है भंडारी फेम बाबा हंसराज रघुवंशी अपनी टीम के साथ भक्ति एवं लोक संगीत की प्रस्तुति देंगे।









दूसरे दिन 2 फरवरी को शास्त्रीय संगीत और वाद्य प्रस्तुतियों पर विशेष जोर रहेगा। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के कलाकारों द्वारा क्लासिकल वोकल, इंस्ट्रूमेंटल, तबला वादन एवं सुगम संगीत की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। रात्रि में सारेगामा लिटिल चैंप फेम गायक हेमंत बृजवासी अपनी सुमधुर आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

तीसरे और अंतिम दिन 3 फरवरी को दिनभर लोक नृत्य, ओडिसी, कथक, डंडा नृत्य और मंचीय कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी। समापन संध्या में लोकप्रिय बॉलीवुड गायक मीत ब्रदर्स की धमाकेदार प्रस्तुति के साथ महोत्सव का भव्य समापन होगा। सिरपुर महोत्सव में प्रदेश सहित देशभर के ख्यातिनाम कलाकार शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों और पर्यटकों से बड़ी संख्या में पहुंचकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 129वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला कांग्रेस भवन में महान स्वतंत्रता सेनानी और आज़ाद हिंद फ़ौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अदम्य साहस और ऐतिहासिक संघर्ष का स्मरण किया।

इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने नेताजी के जीवन और उनके क्रांतिकारी संघर्ष पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि देश की आज़ादी के लिए नेताजी का त्याग और अतुलनीय योगदान भारतीय इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उनके द्वारा दिया गया नारा तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा, आज भी युवाओं के भीतर राष्ट्रप्रेम की ज्वाला प्रज्वलित करता है। जयंती समारोह के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने नेताजी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं ने शपथ ली कि वे देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहेंगे। नेताओं ने नेताजी के समावेशी विचारों को समाज के हर व्यक्ति तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ-साथ कांग्रेस के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से नेताजी के ₹जय हिंद₹ के उद्घोष के साथ देश सेवा का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर ओबीसी कांग्रेस के नेशनल कोऑर्डिनेटर गिरीश देवांगन, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला, झलप-पटेवा ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष अन्नु चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, जिला महामंत्री संजय शर्मा, सेवन लाल चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, जसबीर ढिल्लो, गौरव चंद्राकर, तुलसी साहू, पार्षद विक्की खान, पार्षद गुलशन साहू, सचिन गायकवाड, पार्षद सूरज नायक, पार्षद जय देवांगन, नितेंद्र बनर्जी, हर्षित चंद्राकर, टोमन सिंह कागज़ी, राजू साहू, बसंत चंद्राकर, तबरेज खान, जावेद चौहान, गोपी तारक, लीलू साहू, जितेंद्र साहू, दिनेश दुबे, जय पवार, मदन भारती, गोपी पाटकर, सागर डोंगरे आदि उपस्थित थे।


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मान. द्वारिकाधीश यादव जी
विधायक, खल्लारी विधानसभा एवं
जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी महासमुंद
दाऊलाल चंद्राकर
ईश्वर सिन्हा
अमन चंद्राकर


आओ झुक कर सलाम करें उनको, जिनके हिस्से में ये मुकाम आया,
खुशनसीब हैं वो लोग, जिनका लहू देश के काम आया।
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
अमित यादव
अधिवक्ता


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...
अमृत चोपड़ा
शैलेंद्र चोपड़ा
डॉ आदित्य चोपड़ा
नवकार इंडस्ट्रीज, आदित्य राईस मील-ग्राम शेर महासमुंद


मैंने ढूंढा बहुत वो जहां ना मिला, मेरे वतन जैसी ना जमीं,
ना कोई आसमां मिला! अमर शहीदों को शत-शत नमन
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई
श्रीमती निरंजना चंद्राकर
जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय
कुर्मी क्षत्रिय महासभा


भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय जिलाध्यक्ष
मा.ऐतराम साहू जी
को जन्मदिन (26 जनवरी) की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मान. ऐतराम साहू जी
जिलाध्यक्ष, भाजपा महासमुंद
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
धर्मेंद्र यादव
पूर्व पार्षद
नगर पंचायत तुमगांव


समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मान.भूपेश बघेल जी
पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
अंकित बागबाहरा
99266-44470, 94060-44430


ना जात-पात, ना ऊँच-नीच का भेद, संविधान ने दिया हमें एकता का संदेश।
गणतंत्र दिवस पर दिल से सलाम, भारत माता के हर सच्चे देशभक्त के नाम।
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
मान. द्वारिकाधीश यादव जी
विधायक, खल्लारी विधानसभा एवं
जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी महासमुंद
ढेलू निषाद
पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी, महासमुंद


संविधान की ताकत से देश महान बना, हर नागरिक को अधिकारों का सम्मान मिला,
चलो मिलकर संकल्प लें आज हम,भारत को फिर से विश्वगुरु बनाना है।
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्रीमती चंपेश्वरी हेमंत साहू
सरपंच, ग्राम पंचायत मोरधा
विनीत : समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत-मोरधा
श्री हेमंत साहू
सरपंच प्रतिनिधि


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
बिरकोनी इंडस्ट्रियल
एसोसिएशन-महासमुंद
जितेन्द्र चंद्राकर
अध्यक्ष
रामशरण गुप्ता
कोषाध्यक्ष
योगेश प्रजापति
सचिव


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
संविधान के सम्मान, लोकतंत्र के अभिमान
और तिरंगे की शान के साथ आइए मिलकर संकल्प लें—
मजबूत भारत, एकजुट भारत।
जय हिंद! जय भारत!
प्रशांत श्रीवास्तव
पूर्व सदस्य, राज्य खेल व युवा
आयोग छत्तीसगढ़ शासन


संकलनकर्ता- हरिभूमि टीम-महासमुंद (छत्तीसगढ़)
रत्नेश सोनी
ब्यूरो प्रमुख हरिभूमि-महासमुंद
(99811-31365)
आशीष साहू
(94252-04260)


76वाँ गणतंत्र दिवस
हार्दिक शुभकामनाएँ
26 January
गणेश नायक
वरिष्ठ भाजपा नेता
चित्रकुमार भारती
भाजपा नेता


समस्त जिलेवासियों
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
संविधान की ताकत से देश महान बना,
हर नागरिक को अधिकारों का सम्मान मिला,
चलो मिलकर संकल्प लें आज हम,
भारत को फिर से विश्वगुरु बनाना है।
विनोद सेवनलाल चंद्राकर
पूर्व संसदीय सचिव, छत्तीसगढ़ शासन
पूर्व विधायक, महासमुंद विधानसभा


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रीति
बादल मक्कड़
सदस्य जिला योजना समिति जिला महासमुंद
सदस्य - अपील समिति महासमुंद
पार्षद वार्ड नंबर 19 महासमुंद
जसमीत सिंह
बादल मक्कड़
समाजसेवी एवं सदस्य भारतीय जनता पार्टी


संकलनकर्ता- हरिभूमि टीम-महासमुंद (छत्तीसगढ़)
रत्नेश सोनी
ब्यूरो प्रमुख हरिभूमि-महासमुंद
(99811-31365)
आशीष साहू
मां शारदा न्यूज एजेंसी हरिभूमि
(94252-04260)
(विज्ञापन प्रभारी)
88151-93663
(डिजाइनिंग)
96176-56070



समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...
श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग
पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद महासमुंद
श्री त्रिभुवन महिलांग
पूर्व उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद महासमुंद




समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...
भाजपा जिलाध्यक्ष माननीय
श्री येतराम साहू जी
को (26 जनवरी) जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मान. श्री येतराम साहू जी
भाजपा जिलाध्यक्ष
बलरामकांत साहू
अध्यक्ष, नगर पंचायत तुमगांव
विनीत : एक शुभचिंतक नगर पंचायत-तुमगांव




समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...
VED-BODH HOMOEO CLINIC
DR. (Mrs) Minakshi Kashyap
BHMS (Gold Medalist)
Reg.No. 1864
Active Member of RHSC
Visiting Hours: Morning 10.00 to 1.30 PM
FOR APPOINTMENT-Mobile: 8305406333




76वाँ गणतंत्र दिवस
हार्दिक शुभकामनाएं
मान. द्वारिकाधीश यादव जी
विधायक, खल्लारी विधानसभा एवं
जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी महासमुंद
भारतीय संविधान की गरिमा, लोकतंत्र की शक्ति
और देश की एकता व अखंडता को नमन...
डॉ रश्मि चंद्राकर
पूर्व जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी महासमुंद




आओ झुक कर सलाम करें उनको, जिनके हिस्से में ये मुकाम आया, खुशनसीब हैं वो लोग, जिनका लहू देश के काम आया।
76वाँ गणतंत्र दिवस
एवं हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
भीखम सिंह ठाकुर
जिलाध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज-महासमुंद
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत-महासमुंद
प्रदेशाध्यक्ष, युवा प्रभाग गोड़वाना गोंड़ महासभा




संकलनकर्ता- हरिभूमि टीम-महासमुंद (छत्तीसगढ़)


।। जय श्री श्याम।।
समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री श्याम हॉस्पिटल भंवरपुर
SHREE SHYAM HOSPITAL BHANWARPUR
अब भंवरपुर में ही मिलेगा महानगरों जैसा आधुनिक इलाज!
भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना
आयुष्मान कार्ड से सभी तरह की ईलाज एकदम निःशुल्क
हमारी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम (Specialist Doctors Team)
अनुभवी एवं सुप्रसिद्ध डॉक्टरों का सानिध्य अब आपके अपने शहर में-
डॉ. ललित जगत
(MBBS, MS Ortho)
Trauma & Joint Replacement Surgeon
(Ex. Consultant Lawley Hospital
Ooty & Stanley Hospital Chennai)
डॉ. आदित्य ठाकुर
(MS Ortho, DNB Ortho)
Spine Surgeon & Consultant
(Spine Fellowship in Japan)
डॉ. के.डी. खरे
(MBBS, MS, M.Ch)
Uro Surgeon
(यूरो सर्जन - मूत्र रोग विशेषज्ञ)
डॉ. लोकेश पटेल
डायरेक्टर
श्री श्याम हॉस्पिटल, भंवरपुर
मो. 7000039944
डॉ. रूमी नायक
(MBBS, MD Radio Diagnosis)
रेडियो डायग्नोसिस विशेषज्ञ
डॉ. विलास नालवाड़े
(MBBS, MD Anesthesia & Critical Care)
एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ
डॉ. संजय चौधरी
(MBBS General Physician)
डॉ. जे.पी. बर्मन
(MS General & Laparoscopic Surgeon)
जनरल एवं दूरबीन पद्धति सर्जन
डॉ. मनोज
(MBBS General Physician)
उपलब्ध सुविधाएँ:-
पैथोलॉजी & डायग्नोस्टिक्स
24 घंटे पैथोलॉजी लैब,
3D/4D सोनोग्राफी,
डिजिटल एक्स-रे,
ई.सी.जी.
शिशु रोग विभाग: -
बच्चों के लिए NICU / PICU,
फोटोथेरेपी,
टीकाकरणगंभीर रोग & सर्जरी:
मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर,
आई.सी.यू. (ICU), वेंटिलेटर,
डायलिसिस
आपातकालीन:-
इमरजेंसी सेवा
मेडिकल स्टोर
24x7
एम्बुलेंस सर्विस
उपलब्ध
AMBULANCE
विशेष आगामी सुविधा (Upcoming Facility)
अतिशीघ्र सिटी स्कैन (CT Scan) की सुविधा शुरू होगी
पता:- श्री श्याम हॉस्पिटल, भंवरपुर,(सरायपाली रोड),
जिला - महासमुंद (छ.ग.)हेल्पलाइन संपर्क: 7772056711, 7772056655
संकलनकर्ता:- विजय कुमार चौहान, (जनसंचार एवं पत्रकारिता) हरिभूमि, भंवरपुर, मो.- 9165277346, 6264640291

# आशीबाई गोलछा स्कूल में हुई जिला स्तरीय युवा सांसद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2025–26 का आयोजन शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय प्रणाली एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि येतराम साहू, जिला अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संदीप दीवान (अध्यक्ष, शाला विकास समिति, आशी बाई गोलछा), आनंद साहू (उपाध्यक्ष, भारत स्काउट एवं गाइड) एवं आनंद गिरि गोस्वामी (सदस्य, शाला विकास समिति आशी बाई गोलछा), एनके सिन्हा (सहायक संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय) एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जीआर सिन्हा (प्राचार्य, शासकीय आशी बाई गोलछा उमावि) रहे।




प्रतियोगिता में पीएमश्री सेजस विद्यालय, बागबाहरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महासमुंद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

पीएमश्री सेजस बागबाहरा से 50 विद्यार्थी तथा आशी बाई गोलछा विद्यालय से 35 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में सहभागिता की। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में नेहा चंद्राकर (प्रोग्रामर, समग्र शिक्षा महासमुंद), गायत्री साहू (हायर सेकेंडरी स्कूल, पचेड़ा, बागबाहरा) एवं विद्या साहू (एपीसी समग्र शिक्षा महासमुंद) उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। सर्वश्रेष्ठ स्पीकर निखिल साहू (बागबाहरा टीम), सर्वश्रेष्ठ मंत्री खुशबू मानिकपुरी (आशी बाई गोलछा, महासमुंद), सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता निहारिका मोहती (बागबाहरा टीम), सर्वश्रेष्ठ वक्त पक्ष प्रियदर्शन चिंडा (बागबाहरा टीम), सर्वश्रेष्ठ वक्त विपक्ष – विभा साहू (बागबाहरा टीम) रहे। मंच संचालन पूजा साहू एवं आभार प्रदर्शन प्रमोद कुमार कन्नौज एडीपीओ ने किया। समापन अवसर पर विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मार्गदर्शक शिक्षक चंद्रशेखर मिथलेश, बेलामारू, कीर्तन साहू, तुलसी साहू, ज्योति किरण चंद्राकर, मनप्रीत कौर बग्गा, शुभ्रा शर्मा, ममता देवता, कविता चंद्राकर, लखविंदर छाबड़ा, टिकेंद्र साहू एवं भेखलाल चंद्राकर उपस्थित रहे।

समापन समारोह में विशेष रूप से येतराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा संसद जैसे मंचों से उनमें अनुशासन, संवाद और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित होती है।। संदीप दीवान ने कहा कि शाला विकास समिति सदैव ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करती रहेगी, जो विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को नई दिशा दें। एनके सिन्हा ने संसदीय प्रक्रियाओं से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बागबाहरा तथा संबंधित संस्था के प्राचार्य को निर्देशित किया कि दिनांक 25 जनवरी को जेएन पांडेय हायर सेकेंडरी स्कूल, रायपुर में आयोजित संभाग स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपस्थिति उनके मार्गदर्शक शिक्षकों के साथ अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

# राजनीति विज्ञान शोध केंद्र में 7 छात्रों की द्वितीय डीआरसी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग शोध केंद्र में विभागीय शोध समिति (डीआरसी) की द्वितीय बैठक प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन व डॉ. मालती तिवारी शोध निर्देशक राजनीति विज्ञान के निर्देशन में हुई। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे अध्यक्ष डीआरसी शोध समिति, विषय विशेषज्ञ डॉ. अजय चंद्राकर विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान दुर्गा महाविद्यालय रायपुर और डॉ. मालती तिवारी शोध निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान के साथ डॉ. रीता पांडेय कला संकाय अध्यक्ष व सह संयोजक शोध संवर्धन समिति, डॉ. ईपी चेलक विज्ञान संकाय अध्यक्ष, डॉ. दुर्गावती भारतीय विभागाध्यक्ष हिंदी, डॉ. अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर संकाय, अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य की उपस्थिति में 7 शोधार्थियों ने अपने विषय का क्रमशः विजय कुमार मिर्चे छत्तीसगढ़ की राजनीति में सतनामी समाज की भूमिकाः अतीत से वर्तमान तक, केसर चंद्र बनपाल 21वीं सदी के अधिनायकवाद में विचारधारा और शक्ति की भूमिका उत्तर कोरिया की विशेष संदर्भ में, ज्ञानदेवी ध-छत्तीसगढ़ का पंचम विधान सभा चुनाव 2023 में मतदान व्यवहार(बस्तर संभाग ज़िला दंतेवाड़ा के विशेष संदर्भ में), प्रज्ञा चौधरी- छत्तीसगढ़ राज्य में आदिवासी समुदाय में राजनीतिक जागरूकता का अध्ययन (महासमुंद जिला के विशेष संदर्भ में), धनेश्वरी कोसले- छत्तीसगढ़ में महिला प्रशासनिक अधिकारियों की समस्याओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन, पुरुषोत्तम कुमार साहू- छत्तीसगढ़ राज्य के ग्राम पंचायत में महिला आरक्षण का सामाजिक, राजनीतिक प्रभाव( ज़िले के पिथौरा विकासखंड का एक अध्ययन), लेखा शर्मा-छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव 2014 से अब तक आचार संहिता की प्रभावशीलता का मूल्यांकन का पीएचडी कार्य का प्रस्तावित रूपरेखा का पीपीटी प्रस्तुतिकरण दिया गया। पश्चात विषय विशेषज्ञ डॉ अजय चंद्राकर द्वारा सभी शोधार्थियों से संबंधित विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश व सुझाव दिए।







# 28 फरवरी तक बढ़ाई जाए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथिः निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि एक माह आगे बढ़ाने की मांग सरकार से की है। उन्होंने कहा कि जिले में ही लगभग 20 हजार किसान अभी धान नहीं बेच पाए हैं।

शासन द्वारा महासमुंद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी का लक्ष्य 12 लाख 45 हजार मीट्रिक टन धान उपार्जन का रखा गया था। जिसे मुकाबले 24 जनवरी 2026 तक केवल 8 लाख 77 हजार 761 मीट्रिक टन धान की खरीदी ही हो पाई है। इस लिहाज से अभी लगभग 4 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी शेष है। जबकि, धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 दिसंबर रखा गया है, ऐसे में सोमवार 26 जनवरी की अवकाश के बाद केवल 4 दिन का समय ही मिलेगा। इस अल्पावधि में इतनी बड़ी मात्रा में धान की खरीदी हो पाना संभव नहीं है।



नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि जिले के अनेक समितियों में पंजीकृत हजारों किसानों का टोकन भी नहीं कट पाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में आनलाइन टोकन कटाने में भारी परेशानियां हो रही है। नेटवर्क की समस्या के कारण किसान आनलाइन टोकन नहीं कटा पा रहे हैं। आनलाइन 70 प्रतिशत और ऑफलाइन 30 प्रतिशत टोकन काटने का गाइड लाइन है। ऑफलाइन में छोटे किसान टोकन नहीं कटा पाए हैं। धान नहीं बेच पाने से छोटे किसान रबी फसल की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने शासन से मांग की है कि खरीदी तिथ 28 फरवरी 2026 तक बढ़ाकर समस्त किसानों की धान खरीदी कर राहत पहुंचाए। साथ ही जिन किसानों ने टोकन के अभाव में अभी तक धान बेच पाए हैं, उन्हें तत्काल आफलाइन माध्यम से टोकन जारी कर उनका धान खरीदी करने की व्यवस्था बनाई जाए।

साहू ने शासन ने निवेदन किया है कि रकबा समर्पण का अनावश्यक दबाव किसानों पर ना बनाया जाए। साथ ही भौतिक सत्यापन यदि करना ही है तो कितने किसान धान नहीं बेच पाए हैं तथा उन्हें धान बेचने में किस तरह की परेशानी हो रही है, इसका सत्यापन कर उन समस्त समस्याओं का समाधान कर उनकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास किया जाए।




तिरंगे की छाया में हम सब एक हैं।
गर्व से कहो—हम भारतीय हैं।
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
मान. तरूण व्यवहार जी
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत बागबाहरा
मान. केशव नायकराम चंद्राकर जी
अध्यक्ष, जनपद पंचायत बागबाहरा


26
JANUARY
REPUBLIC DAY OF INDIA
समस्त खल्लारी विधानसभा
क्षेत्रवासियों एवं जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
विनीत : एक शुभचिंतक
श्री द्वारिकाधीश यादव जी
विधायक, खल्लारी विधानसभा एवं जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी महासमुंद


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...
विजयलक्ष्मी जांगड़े (बबली)
जनपद सदस्य-महासमुंद


देवेश शर्मा
गौरव चंद्राकर
गुरमीत चावला
डॉ तरुण साहू
शेख वाजिद (अधिवक्ता)
आरिफ मिर्जा
मा.द्वारिकाधीश यादव जी
विधायक, खल्लारी विधानसभा
जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी महासमुंद
मा.विनोद चंद्राकर जी
पूर्व विधायक, महासमुंद विधानसभा एवं
पूर्व संसदीय सचिव छ.ग.शासन
26 January
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...
तबरेज खान


26 JANUARY
मान. द्वारिकाधीश यादव जी
विधायक, खल्लारी विधानसभा एवं
जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी महासमुंद
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
अमरजीत चावला पूर्व महामंत्री, प्रदेश कांग्रेस कमेटी


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...
एडवांस ऑर्थोपेडिक
एवं मैटरनिटी सेंटर
पुराना जिला अस्पताल परिसर, महासमुंद (छ.ग.)
रविवार बंद
SUNDAY CLOSED
डॉ गरिमा सतपथी
MBBS, DGO, DNB Obs.
Gynae Felloship in
infertility management
स्त्री एवं फर्टिलिटी रोग विशेषज्ञ
मो. 7000513991
परामर्श एवं चिकित्सा
प्रतिदिन : समय : दोपहर 1.30 बजे से शाम 4 बजे तक
स्थान : पुराना जिला अस्पताल परिसर,
हनुमान मंदिर के सामने महासमुंद (छ.ग.)
डॉ मानस अंकुर सतपथी
MBBS, MS Orthopaedic,
Jaipur ATLS American
College of Surgeons
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
मो. 7566444788


छत्तीसगढ़ फ्लाईएश ब्रिक्स
एवं जाली तार निर्माता
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
गौरव चंद्राकर
महामंत्री, जिला कांग्रेस कमेटी


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं
मान. रूपकुमारी चौधरी जी
सांसद, लोकसभा महासमुंद
प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा छत्तीसगढ़
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
मान. येतराम साहू जी
जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी महासमुंद
भाजपा जिलाध्यक्ष माननीय
श्री येतराम साहू जी
को (26 जनवरी) जन्मदिन की
